आवश्यक निर्देश दाँत निकालने के बाद

दाँत निकाले जाने के बाद साकेट (दाँतों की पुरानी जगह जहाँ से निकाला गया) कुछ देर तक खून निकलता रहता है और यह बहाव तभी रूकता है जब वहाँ पर खून का थक्का का निर्माण हो जाता है। यह थक्का बहुत कम प्रहार से ही ध्वस्त हो सकता है। और अगर ऐसा होता है तो खून का बहाव तेज जायेगा । अतः इस समस्या से बचने के लिए कुछ आवश्यक निर्देश जिसका हमें पालन करना चाहिए। वे इस प्रकार हैं :-

आधे घण्टे के बाद ही रूई को मुँह से निकाल कर फेंके ।

डेण्टल क्लीनिक से बाहर निकलने के बाद 24 घण्टे तक मुंह में कुल्ली न करें,
जैसा की आप को क्लीनिक पर पहले ही बताया गया होगा |

दाँत निकालने वाला दिन, कोई भी चीज ऐसी न खायें जिसे चबाना हो, तरल पदार्थ ठण्डी चीजें जैसे- दूध, दही, जूस या आइसक्रीम को ही चुनें |

तकरीबन 2 दिनों तक उस जगह से न खायें जहाँ से दाँत निकाला गया है।

दाँत निकाले गये जगह पर जमने वाले थक्के को अपने जीभ या अपने उँगलियों से न छु ज्यादा बोलना, उत्साहित होना, व्यायाम का परहेज करें ।

ज्यादा गरम (जैसे चाय, काफी इत्यादि) शराब, सिगरेट का सेवन न करें ।

कुछ घण्टों के लिए बीड़ी, सिगरेट का सेवन न करें ।

थूकना, फूकना इन सभी प्रकार के चीजों को न करें ।

डेण्टल क्लीनिक से निकलने के बाद भी अगर खून का बहना बन्द न हो तो तुरन्त अपने साफ रूमाल को मोड़कर खून के बहाव वाले इलाके में रखकर मुँह बन्द करें। (दाँत से दबा कर) । जब आप रूमाल रखकर मुँह बन्द करें तो उसे करीब 15-30 मिनट तक कस कर बन्द रखें और अगर तब भी नहीं खून का बहाव बन्द हो तो डाक्टर से सम्पर्क करें ।

क्लिनिक 1: बी 36/20ए, ब्रम्हानंद कॉलोनी एक्सटेंशन। (साकेत नगर पुलिया के पास) दुर्गाकुंड, वाराणसी दूरभाष : 0542-2312444 # मो. : 08765112233
क्लिनिक 2 : आलोक हेल्थ केयर अस्सी वाराणसी टेलीफोन: 0542-2313187, 09634434444